हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 23 मई 2025



11 अफसरों की कोठियों पर काम नहीं करेंगे नप ...






12 नालों और सीवरेज की सफाई में जुटे कर्मचारी







## खबर संक्षेप

### सीजेएम ने जेल में लगाई लोक अदालत

**भिवानी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन व जिला एवं सत्र न्यायाधीश डीआर चालिया के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सीजेएम पवन कुमार की अध्यक्षता में जिला कारागार में लोक अदालत की आयोजन किया। इस जेल लोक अदालत में सीजेएम ने एक केस का मौके पर निपटारा किया।

लोक अदालत के दौरान सीजेएम पवन कुमार ने बताया कि जेल में लोक अदालत को आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य कैदियों को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी देना है।

### स्काउट्स एंड गाइड्स के नियमों की दी जानकारी

**चरखी दादरी।** एचडी पब्लिक स्कूल बिरोहड़ में समारोह का आयोजन किया गया। प्राथमिक विभाग अध्यक्षा कविता जांगड़ा ने बताया कि विद्यालय परिसर में छात्रों को स्काउट्स एंड गाइड्स की मूल भावना, उद्देश्यों और नियमों की जानकारी दी गई। प्राचार्या नमिता दास ने कहा कि इस समारोह में स्काउट्स एंड गाइड्स का आदर्श वाक्य सेवा परमो धर्मः को छात्रों को बताया गया, साथ ही उनके नियम, प्रतिज्ञा और दैनिक जीवन में इन सिद्धांतों को अपनाने की प्रेरणा दी गई। विद्यालय निदेशक बलराज फौगाट ने कहा कि स्काउट्स एंड गाइड्स अनुशासन और सेवा भावना को प्रोत्साहित करता है।

## गुजरानी में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

# गुजरानी की ग्राम पंचायत ने छात्राओं को किया सम्मानित

सरपंच रेनु शर्मा व सरपंच प्रतिनिधि सुरेश शर्मा, एसएमसी प्रधान राजेन्द्र ने छात्र-छात्राओं का उत्साह बढ़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। प्रतिभावान छात्राओं को सम्मानित करते गुजरानी ग्राम पंचायत के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

गांव गुजरानी में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस सम्मान समारोह में ग्राम पंचायत द्वारा 10वीं व 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं में अवल्ल रहने वाली छात्राओं को सम्मानित किया। ग्राम पंचायत की सरपंच रेनु शर्मा व सरपंच प्रतिनिधि सुरेश शर्मा, एसएमसी प्रधान राजेन्द्र ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें जीवन में लक्ष्य बनाकर मेहनत करने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत व लग्न से बड़े से बड़े मुकाम को हासिल किया जा सकता है। स्कूल प्राचार्य शमशेर ने अतिथियों व ग्रामीणों का स्वागत करते हुए बताया कि कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। वहीं कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 91.78 फीसदी रहा। विद्यालय की सुदेश पुत्री संतलाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 90.60 फीसदी अंक प्राप्त कर कला संकाय में स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा संकाय में द्वितीय स्थान रितिक व तृतीय स्थान यशिका ने प्राप्त किया। 4 छात्रों ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा 10वीं में पूजा पुत्री सुबेसिंह ने 89.40 फीसदी अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर जैस्मीन व तृतीय स्थान पर तन्नु ने प्राप्त किया व चार छात्रों ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि स्कूल के छात्र-छात्राओं ने आज जो परीक्षा परिणाम हासिल किया है, उसमें सरपंच रेणु शर्मा व सरपंच प्रतिनिधि सुरेश शर्मा का अहम योगदान है। इस अवसर पर अमन गौड़, अंजु दलाल, विनोद कुमार, मिडिल हैड विकास आदि मौजूद थे।

# शिविर में 200 लोगों की आंखें जांची

- प्रचंड गर्मी के बावजूद बीपीएमएस के नि :शुल्क शिविर में उमड़ी मरीजों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। शिविर में मरीजों की जांच करते स्वास्थ्यकर्मी।

श्रीमती लाली देवी एवं श्रीमामराज कोकड़ा की पुण्य स्मृति में कोकड़ा परिवार द्वारा आयोजित भिवानी परिवार मैत्री संघ के 27वें निःशुल्क नेत्र एवं शिविर में प्रचंड गर्मी के बावजूद नेत्र रोगियों की भीड़ उमड़ पड़ी। शिविर में लगभग दो सौ नेत्र रोगियों की ओपीडी जांच हुई तथा लगभग 55 रोगियों का निःशुल्क लेंस ऑपरेशन के लिए चयन किया गया। शिविर में कई रोगियों की फ्री कैंसर स्क्रीनिंग की गई। भिवानी परिवार मैत्री संघ (बीपीएमएस) ने फिर साबित कर दिखाया कि गरीबों, बीमारों, जरूरतमंदों की सेवा के लिए वह सबसे आगे है।

नर सेवा ही नारायण सेवा की भावना को आत्मसात करके अधिकतम मरीजों को हरसंभव चिकित्सकीय मदद देकर संस्था ने मिसाल कायम की है। श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर में बीपीएमएस का शिविर सुबह नौ बजे से दोपहर एक बजे तक चला, जिसमें 200 मरीजों की आंखों की जांच तथा 55 मरीजों का ऑपरेशन के लिए चयन किया गया। शिविर में कोकड़ा परिवार की ओर से विवेक कोकड़ा एवं सारिका कोकड़ा उपस्थित रही। मैत्री संघ के अध्यक्ष और अंतरराष्ट्रीय कवि राजेश चेतन ने बताया कि शिविर में राजीव गांधी कैंसर अस्पताल और अरुणोदया डेसेरेट आई हास्पिटल(एडीईएच) गुरुग्राम के दक्ष डॉक्टरों ने मेडिकल व नेत्र जांच की। उन्होंने बताया कि मरीजों की नेत्र जांच के बाद चिकित्सकों के परामर्श पर लेंस प्रत्यारोपण संस्था की ओर से बिल्कुल निःशुल्क करवाया जाएगा।

### सांसद हुड्डा ने शहीद के घर जाकर जताया शोक

**चरखी दादरी।** रोहतक से सांसद दीपेन्द्र हुड्डा पंजाब के कपूरथला में शहादत देने वाले गांव समसपुर निवासी शहीद मनोज फोगाट के घर पहुंचे। उन्होंने शहीद मनोज फौगाट को श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया और परिवारजनों से मिलकर सांत्वना दी। सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि शहीद मनोज फोगाट ने देश के प्रति अपना कर्त्तव्य निभाते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया है। सांसद ने ईश्वर से प्रार्थना की कि शहीद मनोज की आत्मा को शांति दें और परिवार को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें। उन्होंने कहा कि इस बात की गहनता से जांच होनी चाहिए कि कौन-कौन देश का गद्दार है और कहां छिपा बैठा है। पहलगाम हमले के दोषियों की पहचान करके कठोर कार्रवाई की जाए।

## पंचायती राज संस्थाओं के उप चुनाव के लिए मतदान केंद्रों का किया प्रकाशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त महावीर कौशिक ने राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला में पंचायती राज संस्थाओं के 15 जून को होने वाले उप चुनाव के चलते मतदान केंद्रों का प्रकाशन किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने ये जानकारी देते हुए बताया कि चुनाव कार्यक्रम के अनुसार 24 से 30 मई 2025 तक नामांकन पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे और 15 जून 2025 को मतदान होगा। मतदान के लिए पंच, सरपंच व पंचायत समिति सदस्य के उप चुनाव हेतू मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी महावीर कौशिक ने बताया कि खंड बवानी खेड़ा में औरंगनगर में सरपंच पद के लिए राजकीय प्राथमिक पाठशाला को मतदान केंद्र बनाया गया है। इसी प्रकार से गांव बोहल के वार्ड नंबर 9 में पंच पद के लिए रा.मा.विद्यालय के दक्षिण कक्ष, पुर के वार्ड नंबर 6 और 7 में पंच पद के लिए रा.प्रा.पा.पूर्वी मध्य कक्ष, रामुपुरा के वार्ड नंबर 4 के पंच पद के लिए रा.प्रा.पा. का पूर्वी कक्ष, सिवाना के वार्ड नंबर 3 में पंच पद के लिए रा.प्रा.पा, सुई के वार्ड नंबर 6 में पंच पद के लिए रा.व.मा.वि. का दक्षिणी कक्ष, सुखपुरा के वार्ड नंबर 4 में पंच पद के लिए स्कूल के अन्दर आंगनवाड़ी सैन्टर को, किरावड़ के वार्ड नंबर 5 में पंच के लिए रा.मा.विद्यालय के दक्षिण कक्ष को मतदान केंद्र बनाया गया। इसी प्रकार खंड बहल के गांव अमीनपुर के वार्ड नंबर 6 में पंच पद के लिए रा.प्रा.पा. के पश्चिमी कक्ष को मतदान केंद्र बनाया गया है।

**मतदान केंद्र**

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि खंड कैरू में गांव ढाब ढाणी के वार्ड नंबर 9 में पंच पद के लिए रा.व.मा.वि.( पश्चिमी मध्य कक्ष), केहरपुरा के वार्ड नंबर 4 में पंच पद के लिए रा.मा.वि. (दक्षिणी कक्ष मध्य) व खैरपुरा के वार्ड नंबर 7 में पंच पद के लिए रा.प्रा.पा. को मतदान केन्द्र बनाया गया। इसी प्रकार से खंड लोहारू की ग्राम पंचायतों में गांव ढाणी ढोला के वार्ड न. 02 व 6 में पंच पद के लिए रा.प्रा.पा. का मध्यम कक्ष, ढाणी श्यामा वार्ड न. 02 में पंच पद के लिए रा.प्रा.पा. का पश्चिमी कक्ष, ढिगावा श्यामियान वार्ड न.08 में पंच पद के लिए रा.प्रा.पा. पूर्व कक्ष को मतदान केंद्र बनाया है।

**सिवानी खंड**

जिला निर्वाचन अधिकारी महावीर कौशिक ने बताया कि सिवानी खंड के गांव झुपा खुर्द के वार्ड न. 1 से 7 में सरपंच पद के लिए रा.प्रा.पा. का उत्तरी कक्ष व ढ़ाणी बलहारा के वार्ड नंबर 3 में पंच पद के लिए रा.मा.वि. का, गुढ़ा के वार्ड नंबर 3 एवं 11 में पंच पद के लिए रा.मा.वि. का दक्षिणी कक्ष, मोतीपुरा के वार्ड नंबर 5 में पंच पद के लिए रा.प्रा.पा. का पूर्वी कक्ष, शेरपुरा के वार्ड नंबर 2 में पंच पद के लिए रा.प्रा.पा. व गड़वा-खरकड़ी के वार्ड नंबर 8 में पंच पद के लिए रा.मा.वि. का बाया छोर को मतदान केन्द्र बनाया गया। खंड तोशाम के गांव बादलवाला के वार्ड नंबर 1 में पंच पद के लिए रा.प्रा.पा. का पश्चिमी कक्ष, बजीणा के वार्ड नंबर 6 में पंच पद के लिए रा.व.मा.वि. का पश्चिमी कक्ष, बिडोला के वार्ड नंबर 3 में पंच पद के लिए रा.उ.वि. का पूर्वी कक्ष, ढ़ाणी कतवार के वार्ड नंबर 5 में पंच पद के लिए हनुमान मन्दिर में स्थित हाल का कमरा को मतदान केंद्र बनाया है।

## श्रीअग्रवाल सभा ने शुरू की निःशुल्क जल टैंकर सेवा

- भीषण गर्मी में लोगों को पेयजल संकट से राहत दिलाना नि :शुल्क जल सेवा का उद्देश्य : सुनील



भिवानी। श्रीअग्रवाल सभा द्वारा शुरू किए टैंकर सेवा पर पानी भरते क्षेत्रवासी।

**भिवानी।** शहर में बढ़ रहे पेयजल संकट से नागरिकों को थोड़ी राहत पहुंचाने के उद्देश्य से श्रीअग्रवाल सभा ने निःशुल्क वॉटर टैंकर सेवा शुरू की। इस निःशुल्क जल सेवा को श्रीअग्रवाल सभा के प्रधान सुनील सर्राफ ने वीरवार को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस व्यवस्था से शहर में लोगों को पीने के पानी के लिए हो रही समस्या से राहत मिलेगी।

सर्राफ ने बताया कि समाज में किसी भी प्रकार की कोई भी दिक्कत आती है तो उसे अग्रवाल सभा अपने प्रयासों से समाधान करने के लिए वचनबद्ध है। उन्होंने कहा कि पानी जीवन का मूल तत्व है तथा जब ये उपलब्ध नहीं होता तो जनजीवन बुरी तरह से अस्त-व्यस्त हो जाता है, ऐसे में नागरिकों को निःशुल्क जल सेवा शुरू करने का उद्देश्य भीषण गर्मी में बढ़ रहे पेयजल संकट से नागरिकों को राहत दिलाने का है। सभा मीडिया प्रभारी आशीष बंसल ने बताया कि सभा ने वाटर टैंकरों की व्यवस्था सुचारू रूप से लगातार चलाई जा रही है।

# केआरपी के प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

- दूसरे बैच की 24 मई से हो जाएगी शुरुआत

दीपक कुमार डुमड़ा ▶▶| बवानीखेड़ा



बवानीखेड़ा। निपुण हरियाणा बैच 2 में उपस्थित सभी केआरपी टीम।

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र में निपुण हरियाणा के तहत केआरपी के आठ दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम फेज-1, का समापन बुधवार को हुआ। 14 मई से 21 मई तक चले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में दादरी, भिवानी, कैथल, फतेहाबाद और रोहतक जिले से लगभग 160 बीआरपी तथा एबीआरसी ने प्रतिभागिता की। फेज -1 के आठ दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन दो भागों में हुआ जिसमें प्रतिभागियों को पहले तीन दिन निपुण मेंटर-मेंटरिंग बारे प्रशिक्षण दिया गया तथा अगले 5 दिन शिक्षक प्रशिक्षण बारे प्रशिक्षित किया गया। निपुण मेंटर-मेंटरिंग प्रशिक्षण में मेंटर की रोल एंड रिस्पांसिबिलिटी, संघर्षील दक्षताओं की पहचान व उन पर कार्य करने की गतिविधियां व रणनीतियाँ, निपुण मेंटर ऐप, निपुण शिक्षक ऐप तथा निपुण डैशबोर्ड आदि, पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। शिक्षक प्रशिक्षण संबंधित प्रशिक्षण में कक्षा 1 से 3 के विषय हिंदी, गणित व अंग्रेजी की नई शिक्षक संदर्शिकाओं, नई पाठ्य पुस्तकों तथा कार्य पुस्तिका पर कक्षा-कक्ष में किस प्रकार पूर्ण रूप से सामंजस्य बिठाकर कारगर गतिविधियों व रणनीतियों के माध्यम से कार्य करना है, उपलब्ध करवाई गई टीएलएम के बेहतरीन उपयोग के बारे, संपर्क टीवी डिवाइस, संपर्क स्मार्ट शाला,आदि पर प्रशिक्षण कार्यक्रम में विशेष रूप से जोर दिया गया।

**समूह से प्रशिक्षकों की यह क्रीम थी शामिल**

इस प्रशिक्षण में डॉ. नरेंद्र कुमार बाल्यान, डॉ. बलराज, विकास वर्मा, प्रवीण कुमार, सत्यवान, अमनदीप, सतीश जांगडा, डॉ.सतीश रंगा, वीरेंद्र कुमार तथा गुलदीप सिंह ने शानदार भूमिका अदा की। क्योंकि ये टीम की क्रीम के रूप में काम करने वाले कर्मचारी माने जाते हैं।

**राज्य स्तर की टीम में ये थे शामिल**

एसपीआईयू टीम से विपुल कुमार व स्तुति एवं अन्य अधिकारीगण ने समय-समय पर प्रशिक्षण की मॉनिटरिंग की तथा जिला कुरुक्षेत्र से डीईओ संतोष शर्मा, डीईईओ विनोद कौशिक, डिप्टी डीईओ इंदु शर्मा, जिला एफएलएन कोऑर्डिनेटर गौतम दत्त, संजीव रोहिल्ला, एलएलएफ टीम से शरीफ मसूद, संपर्क टीम से करमजीत, सुषमा, रविंदर, पवन, मनीष व आंचल ने विशेष भूमिका अदा की।

# जेसीआई ने पुस्तकें वितरित की

- जीवन को संवारने के साथ समाज एवं देश की तरक्की का मार्ग प्रशस्त करती शिक्षा : बासिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। बच्चों को पुस्तकें वितरित करते जेसीआई भिवानी के पदाधिकारी।

शिक्षा सिर्फ ज्ञानार्जन का नहीं, बल्कि समाज के न्याय, समानता और विश्वसम्मतता को प्राप्त करने का भी माध्यम है। शिक्षित लोग समाज में सक्रिय भूमिका निभाते हुए सामरिकता, संप्रेम एवं सद्भाव की स्थापना करते है। सामाजिक सेवा और शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उद्देश्य से जेसीआई भिवानी द्वारा हांसी गेट स्थित श्रीराम पाठशाला में पुस्तक वितरण सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया।

संस्था के सदस्यों ने बच्चों को शिक्षण सामग्री और पुस्तकें वितरित की तथा शिक्षा के महत्व पर प्रेरणादायक बातें साझा की। इस मौके पर जेसीआई भिवानी के प्रधान राहुल बासिया व समाजसेवी अनमोल गर्ग ने कहा कि शिक्षा ही एक ऐसा साधन है जो न केवल व्यक्ति का जीवन संवारता है, बल्कि समाज और देश की तरक्की का भी मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने बच्चों को नियमित रूप से पढ़ाई करने और अपने सपनों को साकार करने के लिए मेहनत करने की प्रेरणा दी।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर अनमोल गर्ग, राहुल बासिया, पुलकित सिंगला, अमित गुप्ता, सार्थक अग्रवाल, शुभम सिंगला, सूर्यांश अग्रवाल, सक्षम जैन व दीपांशु बौंदिया मौजूद रहे।

## 24 तक पानी नहीं मिला तो पंजाब की गाड़ियों की एंट्री करेंगे बंद : ढाणीमाहु



**भिवानी।** भाखड़ा डैम के पानी को लेकर पंजाब और हरियाणा के बीच विवाद एक बार फिर गहराता नजर आ रहा है।

पंजाब के मुख्यमंत्री द्वारा हरियाणा को पानी ना देने के फैसले के विरोध में इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ा प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। इनेलो ने चेतावनी दी है कि अगर 24 मई तक पंजाब सरकार ने हरियाणा को उसके हिस्सा का पानी नहीं दिया, तो 25 मई से पंजाब के नंबरों की गाड़ी हरियाणा में से रोकी जाएगी। यह बात इनेलो जिला अध्यक्ष अशोक ढ़ाणीमाहु ने चंडीगढ़ में इनेलो की प्रदेश स्तरीय मीटिंग में हुए फैसले के बाद भिवानी में कार्यकर्ताओं से बातचीत करते हुए कही। उन्होंने कहा कि पंजाब द्वारा भाखड़ा डैम का पानी रोकने के बाद हरियाणा में बने संकट के समाधान को लेकर चंडीगढ़ में इनेलो की प्रदेश स्तरीय मीटिंग थी, जिसमें फैसला लिया गया कि 24 मई तक यदि पंजाब पानी नहीं देता है तो 25 मई को पंजाब-हरियाणा बॉर्डर पर स्थित डबवाली में हरियाणा में आने वाले पंजाब के नंबर प्लेट के वाहनों की एंट्री बंद करेंगे। इनेलो जिला अध्यक्ष ने कहा कि इनेलो के इस प्रदर्शन में भिवानी जिला से भी कार्यकर्ता भी भारी तादात में भाग लेंगे। इनेलो जिला अध्यक्ष अशोक ढाणीमाहु ने कहा कि पंजाब द्वारा भाखड़ा डैम का पानी ना देना के अधिकारों का उल्लंघन है।

# नपा कर्मचारी सफाई में जुटे

- आगामी मानसून सीजन को ध्यान में रखते हुए शहर के समस्त 16 वार्डों में नालों व नालियों की सफाई का व्यापक अभियान शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा



बवानीखेड़ा। नगर पालिका सफाई कर्मचारियों द्वारा सफाई करते हुए।

बवानी खेड़ा नगर पालिका सफाई कर्मचारियों द्वारा आगामी मानसून सीजन को ध्यान में रखते हुए शहर के समस्त 16 वार्डों में नालों व नालियों की सफाई का व्यापक अभियान शुरू किया। इस कार्य में नपा लिपिक कपूर सिंह, कनिष्ट अभियंता श्रीभगवान, सफाई दरोगा प्रदीप कुमार ने भी अहम भूमिका अदा की। हालांकि बीते दिनों नपा प्रधान सुंदर अत्री द्वारा भी बताया था कि नगर प्रशासन का उद्देश्य है कि वर्षा ऋतु में जलभराव की समस्या न हो और शहरवासियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। यह अभियान शहर के सभी प्रमुख मार्गों, रिहायशी क्षेत्रों और बाजारों में चलाया जा रहा है। सफाई कार्य में आधुनिक मशीनों के साथ-साथ मैनपावर का भी सहयोग लिया जा रहा है। साथ ही, जाम पड़ी नालियों को खोलने व कूड़े-कचरे को उठाने का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। उन्होंने जनता से अपील की है कि वे नालियों में कचरा फेंकने से बचें और नगर पालिका के इस प्रयास में सहयोग करें। नगर पालिका ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि किसी क्षेत्र में जलभराव या गंदगी की समस्या बनी रहती है, तो संबंधित वार्ड के पार्षद व अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

## प्रशासन और जनता के बीच समन्वय का माध्यम बने समाधान शिविर: एसडीएम

- जनसेवा को समर्पित होकर प्रशासन पहुंचा रहा आमजन को इसके जरिये राहत

**तोशाम।** एसडीएम डॉ. अशवीर सिंह नैन ने कहा कि शासन, प्रशासन और जनता के बीच समन्वय का उचित माध्यम समाधान शिविर बनें हैं। एसडीएम डॉ नैन ने कहा कि जनसेवा को समर्पित होकर प्रशासन आमजन को इसके जरिये शिकायतों का समाधान करके राहत पहुंचाने काम कर रहा है। समाधान शिविर के जरिये हरियाणा सरकार जनसेवा की भावना के अनुरूप जनहितकारी निर्णय लेते हुए लोगों को लाभांवित कर रही है।

सरकार की महत्वाकांक्षी सोच को चरितार्थ करने में प्रशासन अपनी सक्रिय भूमिका निभा रहा है। वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में पेयजल आपूर्ति, बिजली, अवैध कब्जा, प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र व पेंशन व पुलिस विभाग से संबंधित शिकायत आई, जिनका एसडीएम ने संज्ञान लेते हुए मौके पर ही अधिकारियों को समाधान करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देशों के तहत जिला और उपमंडल में प्रत्येक सोमवार व गुरुवार को कार्य दिवस के दौरान डीसी और एसडीएम पूरी प्रशासनिक टीम के साथ लोगों की शिकायतों को सुनते हुए उनका त्वरित निदान कर रहे हैं। एसडीएम ने अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समाधान शिविर में विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याओं को सुना।

**प्रतियोगिता** थैलेसीमिया से पीड़ित रोगियों के संघर्ष का सम्मान करने को मनाया जाता है थैलेसीमिया दिवस

# थैलेसीमिया के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए जिला अस्पताल में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता

पहले, दूसरे स्थान व तीसरे स्थान पर आने वाली छात्राओं को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। थैलेसीमिया दिवस पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

उपायुक्त महाबीर कौशिक व सिविल सर्जन डॉ. रघुबीर शांडिल्य के मार्गदर्शन में चौधरी बंसीलाल नागरिक अस्पताल में सिविल सर्जन डॉ. रीटा दिसोदिया की अध्यक्षता में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया, ये आयोजन विश्व थैलेसीमिया दिवस मनाया जाता है। यह प्रतिवर्ष आठ मई को मनाया जाता है। थैलेसीमिया दिवस पर 8 से 22 मई तक विशेष पखवाड़ा मनाया। इस पखवाड़े के तहत प्रतियोगिता में पहले, दूसरे स्थान व तीसरे स्थान पर आने वाली छात्राओं को सम्मानित किया। इस दौरान डॉ. प्रवीण कुमार ने बताया कि थैलेसीमिया दिवस पीड़ित रोगियों के संघर्ष का सम्मान करने के लिए उन मरीजों में जागरूकता पैदा करने के लिए मनाया जाता है। थैलेसीमिया एक अनुवांशिक बीमारी है, जिसमें मरीज को हर तीन महीने में या छह महीने में ब्लड की बहुत ज्यादा आवश्यकता होती है।

उन्होंने कहा कि थैलेसीमिया एक वंशानुगत रक्त विकार है जो शरीर को पर्याप्त हीमोग्लोबिन बनाने नहीं देता है तथा रोग रक्त कोशिकाओं को कमजोर और नष्ट कर देता है। इस बीमारी से पीड़ित लोगों के जीवन में सुधार के लिए डॉक्टरों, वैज्ञानिकों और चिकित्सा कर्मचारियों के प्रयासों का सम्मान करने के लिए दुनियाभर में थैलेसीमिया दिवस मनाया जाता है। शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा ने बताया कि थैलेसीमिया खून से जुड़ी गंभीर बीमारी है, जिसमें व्यक्ति के शरीर में हीमोग्लोबिन बनना बंद हो जाता है।

**रक्त की कमी नहीं आने दी जाएगी**

डूडेजा ने बताया कि भिवानी के सिविल अस्पताल ब्लड बैंक में रक्त की कमी नहीं आने दी जाएगी, जिसके लिए भिवानी जिले सभी संस्थाओं से रक्त एकत्रित करने में सहयोग लिया जाता है। कार्यक्रम ऑफिसर डॉ. रीटा ने बताया कि थैलेसीमिया पखवाड़े के तहत आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चो को सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि बीमारी के प्रति जागरूकता फैलाने के मकसद से थैलेसीमिया दिवस मनाया जाता है। इस मौके पर चीफ नर्सिंग ऑफिसर कमलेश कुंडू,नर्सिंग ऑफिसर सीमा सांगवान, नर्सिंग ऑफिसर ममता कलकल व शर्मिला व नरेंद्र कुमार आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### जनसंवाद के लिए कारगर समाधान शिविर

**चरखी दादरी।** प्रदेश सरकार द्वारा नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से शुरू किए गए समाधान शिविर जन संवाद के लिए कारगर साबित हो रहे हैं। वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया। शिविर की अध्यक्षता करते हुए नगराधीश जितेन्द्र कुमार ने उपस्थित नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का समाधान प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध रूप से सुनिश्चित किया जाए।

### हिंदुस्तान स्काऊट/गाइड का शिविर संपन्न

**भिवानी।** मॉडल संस्कृति वमा विद्यालय खरक खुर्द में हिंदुस्तान स्काऊट/गाइड द्वारा आयोजित तीन दिवसीय शिविर का गुरुवार को समापन हुआ। शिविर में कक्षा पांचवी से बारहवीं तक के बच्चों ने भाग लिया। शिविर में राज्य स्तरीय ट्रेनर पवन कुमार व रविंद्र ने बच्चों को सैल्यूट, फ्लैग होस्टिंग ,ड्रिल मार्च,खेल खेल में योगा, आत्मरक्षा के लिए प्रशिक्षण व प्राथमिक चिकित्सा के बारे में बताया व राष्ट्र ध्वज का सम्मान, देशप्रेम भावना के बारे में गहनता से बताया। इस मौके पर स्कूल प्रबंधन समिति सदस्य परमिंदर मदेरणा, राजकुमार परमार, सुरेश जांगड़ा, कर्मवीर सांगवान व प्राचार्य प्रतीक जांगड़ा मौजूद रहे।

### जलतरंग भवन में बनेंगे बच्चों के आधार कार्ड

**लोहारू।** पांच वर्ष तक बच्चों के आधार कार्ड बनवाने के लिए अब लोगों को कहीं दूर नही भटकना पड़ेगा। नगरपालिका चेयरमैन प्रदीप तायल, नगरपालिका सचिव तेजपाल सिंह और वार्ड की मौजूदगी में बुधवार को लोहारू के जलतरंग भवन में आधार कार्ड सेंटर का शुभारंभ किया गया है। नपा प्रधान प्रदीप तायल और नपा सचिव तेजपाल सिंह ने कहा कि अब लोहारू शहर और आसपास के लोग स्थानीय स्तर पर ही अपने पांच वर्ष तक के बच्चों के आधार कार्ड बनवा सकेंगे। बता दें कि शहर के पार्षदों ने हाउस की बैठक में इस मुद्दे को उठाया था। समस्या समाधान संगठन ने भी इसके लिए बाद में ज्ञापन दिया था। आधार सेंटर शुरू होने से इलाके के लोगों को काफी लाभ होगा।

### मांग के बावजूद चेयरपर्सन ने सभी को बुलाया वापस

# अफसरों की कोठियों पर काम नहीं करेंगे नप कर्मचारी

सफाई व्यवस्था के दौरान सफाई दरोगाओं ने कर्मचारियों की कमी की थी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

गुरुवार को नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने नप अधिकारियों के साथ शहर की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान सफाई दरोगाओं से सफाई को लेकर चर्चा की। सफाई दरोगाओं ने कुछ सफाई कर्मचारियों के बुजुर्ग होने, कुछ के छुट्टी पर जाने तथा कई कर्मचारियों के अधिकारियों की कोठियों पर कार्य करने की कही। जिस वजह से सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है। सफाई दरोगाओं ने इन कर्मचारियों के वापस बुलाए जाने की मांग की। वहीं नगरपालिका कर्मचारी एसोसिएशन के बनैर तले सफाई कर्मचारियों की वापसी की मांग को लेकर चेयरपर्सन प्रतिनिधि को मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र के बाद नप चेयपर्सन प्रतिनिधि ने सभी सफाई कर्मचारियों को वापस बुला लिया है और उनको शहर के मार्ग की सफाई की जिम्मेदारी सौंपी गई है। ऐसे कर्मचारियों की संख्या करीब 50 है। कर्मचारी अपने मूल कार्य पर लौट आए है और उन्होंने अपना कार्य भी शुरू कर दिया है।



**भिवानी।** मांगों को लेकर नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि को मांगपत्र सौंपते हुए।

#### सफाई कार्य होता है प्रभावितः जयहिंद

गुरुवार को नगरपालिका कर्मचारी संघ के प्रधान जयहिंद की अगुवाई में नगरपरिषद के कर्मचारियों ने नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह को मांगपत्र सौंपा। इस पर कर्मचारी नेताओं ने बताया कि नगरपरिषद के अनेक कर्मचारी विभिन्न अधिकारियों की कोठियों पर कार्य करते है। जिस वजह से सफाई का कार्य पूरी तरह से प्रभावित हो रहा है। उन सभी कर्मचारियों को वापस बुलाकर उनको मूल कार्य (सफाई) के कार्य में लगाया जाए। ताकि शहर को साफ सूथरा व स्वच्छ बनाया जा सके। उन्होंने बताया कि अनेक जगहों पर कर्मचारियों की कमी की वजह से सफाई नहीं हो पाती। ऐसे में नगरपरिषद के सफाई कर्मचारियों की मूल विभाग में आना निहायत जरूरी है। मांग पत्र मिलने के बाद नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने इन कर्मचारियों को वापस बुला लिया है।

#### यह कहते हैं चेयरपर्सन प्रतिनिधि

नगरपरिषद के चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने बताया कि आज शहर की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सफाई को लेकर सफाई दरोगाओं से चर्चा हुई थी। सफाई दरोगाओं ने अनेक अधिकारियों के आवास पर कार्य करने वाले कर्मचारियों को वापस बुलाए जाने की मांग की। उसके बाद नगरपरिषद के सफाई कर्मचारियों का प्रतिनिधि मंडल मिला था और उन्होंने अधिकारियों के आवास पर कार्य कर रहे सफाई कर्मचारियों को वापस बुलाए जाने की मांग की। उनकी मांग पर अमल किया जाएगा और जल्द ही अधिकारियों के पास कार्य कर रहे कर्मचारियों को तत्काल बुलाया गया। इस तरह के कर्मचारियों की संख्या करीब 50 के आसपास है। जो कर्मचारी वापस बुलाए गए है। उनको शहर के मुख्य मार्गो की सफाई की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। ताकि शहर को साफ व सूथरा बनाया जा सके। जल्द की शहर की सफाई व्यवस्था को पंख लग जाएंगे।

## नागरिकों में देशभक्ति की भावना को जागृत करना भी है तिरंगा यात्रा का उद्देश्य : रेखा




**भिवानी।** भारतीय जनता पार्टी ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य तथा भारतीय सेना के सम्मान में देशभर में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस राष्ट्रव्यापी अभियान का उद्देश्य भारतीय सेना के शौर्य को सम्मानित करना और देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करना था। इसी कड़ी में वीरवार को सिंदूर यात्रा की जिला संयोजक एवं पूर्व पार्षद रेखा राघव के नेतृत्व में गांव फूलपुरा में तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस दौरान उनके साथ ग्रामीण महिलाओं के साथ-साथ एनसीसी कैडेट्स भी मौजूद रही, जिन्होंने सभी ने हाथों में तिरंगा लेते हुए गांव की गली-गली घूमकर भारतीय सेना की गौरवगाथा ब्यां की। इस मौके पर सिंदूर यात्रा की जिला संयोजक एवं पूर्व पार्षद रेखा राघव ने कहा कि इस तिरंगा यात्रा का उद्देश्य भारतीय सेना के साहस और बलिदान को सम्मान देने के साथ-साथ नागरिकों में देशभक्ति की भावना को जागृत करना भी है।

## शिक्षक प्रकोष्ठ ने निकाली तिरंगा यात्रा

- विकास उच्च विद्यालय, राजगढ़ में किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम देने वाले भारतीय वीर सैनिकों के सम्मान में आज विकास उच्च विद्यालय, राजगढ़ (भिवानी) में शिक्षक प्रकोष्ठ द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें स्कूल स्टाफ, गांव के पूर्व फौजी व सभी विद्यार्थी ने भाग लिया। आज के इस कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि बीजेपी हरियाणा प्रदेश संगठन महामंत्री फणींद्र नाथ शर्मा ने की तथा विशिष्ट अतिथि भाजपा प्रदेश संयोजक शिक्षक प्रकोष्ठ डॉ मदनलाल गोयल व गांव के सरपंच नरेन्द्र सिंह ने भी तिरंगा यात्रा में भाग लिया। यह तिरंगा यात्रा लगभग 2 घंटे से भी ज्यादा देर तक चली तथा जिस भी गली-मोहल्ले से यह यात्रा निकाली गांव के प्रत्येक पुरुष और महिला ने तिरंगा अपने हाथ में लेकर इस यात्रा में भाग लिया। भिवानी शिक्षक प्रकोष्ठ के संयोजक एवं विकास स्कूल के प्रधानाचार्य हरिराम स्वामी ने सभी अतिथियों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका धन्यवाद किया। इस अवसर पर 2024-25 में बोर्ड परीक्षा में मेरिट में रहे सभी बच्चों को मुख्य अतिथि ने मोमेंट देकर सम्मानित किया। तिरंगा यात्रा करते देख सभी ने भारत माता और फौजी भाइयों के जय जयकार की खूब नारे लगाए।




**भिवानी।** तिरंगा यात्रा से पहले बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## कराटे चैम्पियनशिप में लिटल हार्टियन देवांशिका ने लहराया परचम



**भिवानी।** अमेच्योर कराटे एसोसियेशन द्वारा एलडीएसडी स्कूल हांसी में आयोजित अंतर जिला कराटे चैम्पियनशिप 2025 में लिटिल हार्टस कॉन्वेन्ट स्कूल की एलकेजी कक्षा की छात्रा देवांशिका पुत्री संजय ने 20 किलोग्राम भारवर्ग व पांच साल के आयुवर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक हासिल कर अपने विद्यालय व अभिभावकों का नाम रोशन किया। इस अवसर पर विद्यालय के महासचिव संजय गोयल, एमडी पवन गोयल व भावना गोयल ने बच्ची की अद्भुद प्रतिभा की सराहना करते हुए उसका उत्साहवर्धन किया और बताया कि विद्यालय द्वारा शिक्षा के साथ-साथ खेल-कुद, सांस्कृतिक व अन्य गतिविधियों पर भी पूर्ण रूप से ध्यान दिया जाता है जिससे बच्चें का चहुमुखी विकास हो सके। इस अवसर पर निदेशक राम सिंघल, ऐश्वर्या सिंघल, राहुल गोयल, विनय गोयल, निश्चल गोयल व साक्षी गोयल, प्राचार्या वीना सेठ व शिक्षिका आशा ने देवांशिका के अभिभावकों को उसके शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी व उसे भविष्य में भी अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया।

## बोर्ड परीक्षा में अव्वल छात्रों का स्वागत

- मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पीटीएम एवं साझी सभा का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एसएमसी गठन 2025-27, पीटीएम एवं सांझी सभा का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय में पढ़ रहे विद्यार्थियों के परिजनों, बोर्ड परीक्षा में अव्वल आए विद्यार्थियों, समाजसेवियों आदि ने शिरकत की। कार्यक्रम विद्यालय प्राचार्या संतोष भाकर के नेतृत्व में आयोजित किया गया। जिसमें मंच संचालन डॉ. नवीन कुमार ने किया। कार्यक्रम में उपप्राचार्य सत्यवान, प्रवक्ता सुनील कमार, राजेन्द्र गौरी, सोनू तवंर, गोल्डी, गीता ने अपनी अहम भूमिका अदा की। बैठक में एसएमसी 2025-27 के लिए गठन किया गया और सदस्यों की स्वीकृति से उन्हें विद्यालय प्रबंधन समिति में शामिल किया गया। तत्पश्चात विद्यालय में अव्वल आने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। वहीं प्रवक्ता सोनू तवंर ने बताया कि यदि हम अपने बच्चों पर गौर करे और देखा की शिक्षकों ने होमवर्क दिया है या नहीं और बच्चा गतिविधियों में सही हिस्सा लेता है या नहीं, इस पर गौर करें तो बच्चा कभी भटक नहीं सकता। वहीं छात्र प्रिंस ने भी शिक्षा व निजी कोष के सहयोग पर चर्चा की।



**बवानीखेड़ा।** स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक व अन्य।

## बी. के. वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आतंकवाद के विरुद्ध चित्रकला के माध्यम से देशभक्ति की झलक




**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के बी. के. वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय आतंकवाद विरोध दिवस के उपलक्ष्य में आतंकवाद के खिलाफ सेना के पराक्रम को लेकर ऑपरेशन सिंदूर को ध्यान में रखते हुए राष्ट्र को समर्पित चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन कला अध्यापक हरिओम बाबा के नेतृत्व में किया गया। ऐसी प्रतियोगिताएँ राष्ट्रीय चेतना जगाने का माध्यम बनकर समाज में आतंकवाद के विरुद्ध युवाओं में जोश भरने की प्रेरणा देती हैं। विद्यार्थियों ने भी चित्रकला के माध्यम से आतंकवाद के विरुद्ध सेना के पराक्रम को प्रदर्शित कर अपनी भावनाओं को उकेरा। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य पंकज कुमार मिश्रा ने विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई चित्रकला एवं देश के प्रति उनके प्रेम की सराहना की। इस अवसर परजोगेंद्र जांगड़ा, सचिव योगेश शर्मा, वरिष्ठ विभाग समन्वयक योगेंद्र सिंह, कनिष्ठ विभाग संचालिका मंजू मलिक, मनीष शंकर, प्रमिला वर्मा, मिनाक्षी, पार्वती, प्रियंका, संजीव देशवाल, प्रदीप सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## ऑनलाइन गेम्स खेलने से बचें

- जी लिट्रा स्कूल में साइबर अपराध जागरूकता संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा साइबर अपराध जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन जी. लिट्रा वैली विद्यालय में किया गया। कार्यक्रम में विष्णु सिंह गौरव भारद्वाज व आकाश सामूहिक रूप से उपस्थित रहे। विद्यालय प्राचार्य सीमा मक्कड़ , शैक्षणिक निर्देशिका दिव्या गर्ग ने स्मृति चिह्न देकर टीम का स्वागत किया। विष्णु सिंह व उनके सहयोगी गौरव भारद्वाज ने विद्यार्थियों को साइबर अपराध से सजग रहने के लिए प्रेरित किया उन्होंने बताया कि आज के समय में सोशल मीडिया हम सभी के लिए सुविधा के साथ-साथ परेशानी का सबब भी बनता जा रहा है। जिसके लिए उन्हें कुछ महत्वपूर्ण बातें बताइए कि हमें अपने फोन में मजबूत पासवर्ड बनाना चाहिए और उसके दुरुपयोग को रोकने के लिए नियमित अंतराल पर उसे पासवर्ड को बदलते रहना चाहिए। सोशल नेटवर्किंग साइट की गोपनीयता सेटिंग्स को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रयोग में लाना चाहिए अपना बैंक अकाउंट का नंबर किसी को नहीं देना चाहिए। अपना ओटीपी किसी से शेयर नहीं करना चाहिए ,अपना अकाउंट व्यक्तिगत रखें ,फेक आईडी ना बनाएं ऑनलाइन गेम्स खेलने से बचें। यदि कभी शक हो कि अकाउंट हैक हो गया है तो तुरंत नेटवर्किंग साइट की सहयोगी टीम को सूचित करें ।



**भिवानी।** आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को साइबर फार्ड से बचने की जानकारी देते हुए।

## ग्रामीण उद्योग विकास योजना का उठाएं लाभ

**चरखी दादरी।** हरियाणा ग्रामीण विकास औद्योगिक योजना, जिसे हरियाणा ग्रामीण उद्योग विकास योजना के नाम से भी जाना जाता है, हरियाणा सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में उद्योगों के विकास को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई एक अहम पहल है। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पैदा करना, स्थानीय संसाधनों का उपयोग करना और बुनियादी ढांचे का विकास करना है। लाभ लेने के लिए एमएसएमई कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है। अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि एमएसएमई कार्यालय योजना के क्रियांवन के लिए सक्रियता के साथ काम करें और ज्यादा से ज्यादा पात्र लोगों को लाभ दिलवाएं।

## समस्याओं के निवारण में अनावश्यक देरी न हो

- समाधान शिविर में डीसी ने अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

डीसी महावीर कौशिक ने श्रम विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए वे मजदूरों के पंजीकृत से संबंधित कार्ड बनाने के कार्य में तेजी लाएं। मजदूरों को कार्ड बनवाने में घंटों तक लाईन में न लगना पड़े, इसके लिए एक अतिरिक्त हेल्प डेस्क की व्यवस्था की जाए। उन्होंने श्रम विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि भिवानी का अतिरिक्त चार्ज होने के चलते जिला में सोमवार व वीरवार को भिवानी कार्यालय में बैठना सुनिश्चित करें ताकि पंजीकृत मजदूरों को अपना कार्य करवाने में अनावश्यक रूप से कोई भी परेशानी ना उठानी पड़े।

डीसी श्री कौशिक वीरवार को स्थानीय लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हाल में आयोजित समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। उन्होंने क्रीड के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि नागरिकों के परिवार पहचान पत्र में आय व नाम आदि दुरूस्त करवाने की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करें। उन्होंने शहरी स्थानीय निकाय और पंचायत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आम रास्तों, गलियों और गांव की फिरनी से अतिक्रमण या अवैध कब्जों को तुरंत प्रभाव से हटावाएं। इसी प्रकार से उपायुक्त ने समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे पात्र व्यक्तियों को किसी भी प्रकार की पेंशन संबंधित योजना का लाभ समय पर दिलवाना सुनिश्चित करें। संबंधित व्यक्ति का बैंक खाता नंबरअपडेट करवाने की जरूरत हो तो प्राथमिकता से करवाएं।



**भिवानी।** समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते अधिकारी।

#### बिजाई प्रभावित होगी

प्रतिनिधि मंडल ने उपायुक्त को बताया कि एक सोलर कंपनी द्वारा किसानों को सूचित किए बिना ही खेतों से लाईन डाली जा रही है। इससे किसानों को फसल की बिजाई में परेशानी होगी। इसके साथ ही जमीन की कीमत भी कम होगी। उन्होंने इस लाईन को किसी दूसरी जगह से ले जाने की मांग की। डीसी ने एसडीएम भिवानी को इस मामले की गहनता से जांच करने और उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान एडीसी डॉ. मुनीष नागपाल, नगराधीश अनिल कुमार, तहसीलदार सुरेश कुमार, डीडीपीओ आशीष मान, नगर परिषद ईओ राजाराम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

**शुरुआत** छात्राओं व महिलाओं के लिए शुरू हुई स्पेशल बस, खाप प्रधान ने दी हरी झंडी

# महिला सशक्तिकरण की दिशा में जाटू खाप 84 की मांग पर शुरू की स्पेशल बस

महिला स्पेशल बस से महिला सशक्तिकरण एवं शिक्षा को मिलेगा बढ़ावा: कप्तान भीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

वर्षो से परंपराओं एवं अनुशासन के लिए जानी जाने वाली खाप पंचायतें अब सामाजिक बदलाव की धुरी बनती जा रही हैं, ऐसे में महिला सशक्तिकरण की दिशा में जाटू खाप-84 ने प्रदेश सरकार के समक्ष बेटियों व महिलाओं के लिए स्पेशल बस चलाने की मांग रखी थी, जिस मांग को प्रदेश सरकार ने पूरी करते हुए छात्राओं और महिलाओं के लिए विशेष बस सेवा शुरू की है। ये पहल ना केवल ग्रामीण महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करती है, बल्कि उन्हें शिक्षा और आत्मनिर्भरता की ओर भी अग्रसर कर रही है। छात्राओं व बेटियों के लिए विशेष तौर पर चलाई गई बस को वीरवार को जाटु खाप-84 के प्रधान कप्तान भीम सिंह गांव धनाना से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



**भिवानी।** स्पेशल बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते खाप प्रधान कप्तान भीम सिंह।

#### उम्मीदों की नई राह की शुरुआत

जाटू खाप-84 के पदाधिकारी कप्तान भीम सिंह ने बताया कि बीते दिनों मुख्यमंत्री ओएसडी वीरेंद्र सिंह बडखालसा के समक्ष ग्रामीण क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं के बारे मे अवगत करवाया गया था, जिसमें बेटियों व महिलाओं के लिए स्पेशल बस चलाने की मांग भी मुख्य थी, जिस मांग पर गौर करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की मदद से जाटु खाप-84 द्वारा बस की शुरूआत की गई है। उन्होंने बताया कि ये बस धनाना से भिवानी तक चलेंगी, जो मुख्य रूप से बेटियों व महिलाओं के लिए आरक्षित रहेगी। उन्होंने बताया कि स्पेशल बस की सुविधा से महिला सशक्तिकरण व शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा, जिसके लिए वे मुख्यमंत्री का आभार जताते है। प्रधान कप्तान भीम सिंह ने बताया कि स्पेशल बस चलने से अब छात्राएं सुरक्षित माहौल में स्कूल और कॉलेज जा सकती है, जिससे महिला शिक्षा दर में इजाफा होगा। उन्होंने कहा कि खाप पंचायतें अब केवल सामाजिक अनुशासन की प्रतीक नहीं रहीं, बल्कि सामाजिक सुधार और महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने वाली संस्थाएं बन रही हैं। उन्होंने कहा कि यह पहल न सिर्फ बस की सवारी है, बल्कि ये उम्मीदों की नई राह की शुरुआत है।

## रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रभावित होने से पशु हो जाते बीमारः डॉ. जून

**चरखी दादरी।** हीट वेव के दौरान पशुओं का विशेष ध्यान रखने की जरूरत है, क्योंकि रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रभावित होने से पशु बीमार हो सकते हैं। ऐसे में हीट वेव गर्मी में पशुओं का प्रबंधन सही तरीके से करना चाहिए। पशुपालन विभाग के उप निदेशक डॉ. जसवंत जून ने जिले के सभी पशुपालकों से हीट वेव के दौरान अपने पशुओं का विशेष ध्यान रखने की अपील की और कहा है कि गर्मी और लू के प्रकोप से पशुओं में हीट स्टॉक की संभावना बढ़ जाती है। पशुपालकों को सावधानियां बरतनी चाहिए ताकि मौसम परिवर्तन के कारण पशुओं की रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रभावित न हो और वे बीमारियों से बचे रहें। उन्होंने कहा कि पशुओं को दिन में चार बार ताजा और शुद्ध ठंडा पानी पर्याप्त मात्रा में पिलाएं। गर्मी में पशुओं को गुणवत्तापूर्ण, पौष्टिक और संतुलित आहार के साथ-साथ हरा चारा अवश्य दें ताकि उनका पाचन तंत्र स्वस्थ रहे। पशुशाला में हवा का पर्याप्त प्रवाह और विचरण के लिए पर्याप्त स्थान सुनिश्चित करें। दरवाजों और खिड़कियों पर पाल या टाट लगाएं और दोपहर के समय पानी का छिड़काव करें ताकि पशुओं को राहत मिले।

**सार्वजनिक सूचना**

दी भिवानी केन्द्रीय सहकारी बैंक लि0, भिवानी की (जुई, ढिगावा, सिवानी, बवानी खेड़ा व मुंढाल) शाखाओं से सम्बंधित जमाकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि जिन्होंने अपने खातों में पिछले 10 वर्षों या उससे अधिक वर्षों से लेनदेन नहीं किया है वे खाते निष्क्रिय हो गए है। वह बैंक की सम्बंधित शाखा में अपने आधार कार्ड एवं पैन कार्ड ले जा कर दिनांक 02.06.2025 तक अपने इन खातों को सक्रिय करवा लेवें अन्यथा इन खातों की जमा राशि B.R. ACT, 1949 (AACS) के Section 26A की अनुपालना करते हुए भारतीय रिर्जव बैंक में जमा करवा दी जाएगी जिसके लिए बैंक उत्तरदायी नहीं होगा।

महाप्रबंधक

खबर संक्षेप

## जोनल कमेटी की बैठक महम में नौ जून को

**भिवानी।** चीनी मिल महम के प्रबंधक निदेशक मुकुंद कुमार ने बताया कि आगामी प्रबन्ध कमेटी (निदेशक मण्डल) के चुनाव हेतु तत्कालीन जोनल कमेटी की बैठक 5 दिसंबर 2023 द्वारा सम्भावित जोनों व मतदाता सूचियों को अनुमोदित किया गया तथा उन पर आपत्तियां मांगी गई। उन आपत्तियों पर वर्तमान जोनल कमेटी की बैठक 20 मई 2025 में निर्णय लिया गया कि आपत्तिकर्ता आपत्ति से संबंधित दस्तावेज 5 जून 2025 तक मिल कार्यालय में जमा करवायें। आपत्तियों को निपटारा जोनल कमेटी की बैठक 9 जून 2025 में सुबह 11 बजे चीनी मिल परिसर महम में किया जाएगा।

## सांसद और विधायक को पंचायत ने सौंपा मांगपत्र

**भिवानी।** नांगल के ग्रामीणों ने पूर्वमंत्री एवं विधायक घनश्यामदास सर्राफ से गांव नांगल में विकास कार्यो के लिए गई घोषणाओं को जल्द से जल्द पूरा करवाए जाने की मांग की है। विकास कार्यो को पूरा करवाने को लेकर वीरवार को नांगल ग्राम पंचायत व श्रीश्याम दीवाना मंडल के सदस्यों ने विधायक घनश्यामदास सर्राफ से मिला तथा उन्हें विकास कार्य जल्द पूरा करवाने मांगपत्र सौंपा। इसके साथ ही ग्राम पंचायत नांगल व श्रीश्याम दीवाना मंडल के सदस्यों ने भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद धर्मबीर सिंह से गांव में पानी के दो टैंकर उपलब्ध करवाने की मांग की।

प्री मानसून व मानसून से पूर्व नगर परिषद और जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग अलर्ट

# नालों और सीवरेज की सफाई में जुटे कर्मचारी

## पश्चिमी विक्षोभ के चलते आज बरसात होने की संभावना, जलभराव मुख्य समस्या

■ 27 जून से 30 जून के बीच उत्तर भारत में मानसून की हो सकती है एंट्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

मौसम विभाग के अनुसार 23 मई शुक्रवार को पश्चिमी विक्षोभ के चलते बरसात आने की संभावना हैं और 27 जून से 30 जून के बीच उत्तर भारत में मानसून की एंट्री हो सकती हैं, जिसमें हरियाणा प्रदेश भी शामिल हैं।

प्री मानसून व मानसून की बरसात में शहरवासियों को परेशानियों से बचाने के लिए नगर परिषद प्रशासन व जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग अलर्ट हो गए हैं। नगर परिषद ने सरकुलर रोड व शहर के अंदर नालों की साफ सफाई तथा जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने सीवरेज के मैनहॉल व उनके अंगर्तत आने वाले नालों सफाई का कार्य शुरू करवाया दिया हैं, क्योंकि बरसाती नालों में ढाई से तीन फुट तक गाद जमा हैं, जो बारिश के समय लोगों को परेशानी में डाल सकती हैं। हरियाणा में मानसून आमतौर पर जून के अंत या जुलाई की शुरुआत में पहुंचता है, लेकिन मौसम विभाग के अनुसार इस बार 27 जून से 30 जून के बीच उत्तर भारत में मानसून की एंट्री हो सकती है। इसी चलते जिला प्रशासन आयदिन मानसून की तैयारियों को लेकर मीटिंगें कर रहा हैं और पहले भी मीटिंगे होती रही हैं, जिसमें जिला प्रशासन नप व जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को एक्टिव मोड पर रखकर समस्याओं के निराकरण मंथन कर कार्य शुरू कर दिया हैं।

**गाद को जल्द से जल्द उठाना जरूरी:** बरसाती नालों में से निकाली गई गाद व गंदगी को जल्द से जल्द उठाकर डंपिंग प्वाइंट पर डलवाना बहुत जरूरी हैं, क्योंकि मौसम विभाग ने 23 मई को बरसात होने की संभावना जताई हैं।

**अनेक वार्डो में होता जलभराव:** मानसून की बरसात के दौरान अनेक वार्डों में जलभराव की समस्या बनती हैं और क्षेत्रवासियो को परेशानियों से जूझना पड़ता है। नाले व सीवरेज के मैनहॉल में गंदगी से जमा होने से बरसात के समय पानी सड़क व गलियों में जमा हो जाता हैं और जमा गंदे पानी की वजह से क्षेत्र में बीमारी फैलने का अंदेशा बना रहता हैं।

**नालों से निकाली गंदगी से रास्तें हुए अवरूद्ध :** नालों में से निकाली गई गंदगी व गाद इतनी ज्यादा मात्रा में हैं कि सड़क पर ढेर लग गए हैं, ऐसे में राहगीरों का पैदल और वाहन चालकों का वाहन लेकर निकलना बहुत ही मुश्किल हो गया हैं। कई बार सड़क पर जाम की स्थिति बन जाती है, इसलिए गंदगी को उठाना बहुत जरूरी है।



**भिवानी।** शहर में नालों की सफाई करते नगर परिषद के सफाई कर्मचारी और श्रीकृष्ण प्रणामी आश्रम के सामने सरकुलर रोड पर नगर परिषद कर्मचारियों द्वारा नालों से निकाली गई गाद।



### सीवरेज के मैनहॉल और नालों की सफाई शुरू

जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने सीवरेज के मैनहॉल व उनके अंतर्गत आने वाले बरसाती नालों की सफाई का कार्य शुरु कर दिया हैं। रोहतक गेट से दादरी गेट सरकुलर रोड व दादरी गेट से ढाणा रोड तक नालों की सफाई का काम शुरू करवा दिया हैं। वहीं नप कर्मचारी अपने अंतर्गत आने वाले लिबर्टी सिनेमा, शिक्षा मार्ग, सराय चौपटा, नया बाजार, भोजावाली देवी माता मंदिर, फैंसी चौक, दादरी गेट से जैन चौक, रविदास मंदिर से बाबा जोहड़ पीर, चौधरी बंसीलाल पार्क से हालुवास गेट मुक्ति धाम रोड सहित अनेक बरसाती नालों की सफाई का कार्य शुरू कर दिया हैं।

### पांच टीमें गठित, सफाई का काम शुरू : भवानी

बरसात में शहरवासियों को किसी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करने दिया जाएगा, बशर्ते जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के सीवरेज ब्लॉक न हो। नप ने नालों की साफ सफाई के लिए पांच टीमें गठित कर दी हैं, प्रत्येक टीम में पांच कर्मचारी शामिल हैं, जो नालों के अंदर जमा गाद को बाहर निकालेंगे। इसके बाद ट्रैक्टर ट्रालियों के माध्यम से गाद को डंपिंग प्वाइंट पर डाला जाएगा। नप कर्मचारी जोर शोर से काम में लगे हुए हैं, वे खुद भी मौका मुआयना कर कर्मचारियों को दिशा निर्देश दे रहे हैं, ताकि बरसात के समय कोई समस्या न आए।

**-भवानी प्रताप सिंह,** चेयरपर्सन प्रतिनिधि, नप भिवानी

# क्लर्क लगवाने के नाम पर 10 लाख की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

■ शिकायतकर्ता को फर्जी आई कार्ड, फर्जी जॉइनिंग लेटर व फर्जी पे स्लिप दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने नौकरी दिलाने के नाम पर युवक से लाखों रुपए की धोखाधड़ी करने के मामले में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

राहुल निवासी भिवानी ने थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस को एक शिकायत दर्ज करवाई थी जिसमें शिकायतकर्ता ने पुलिस को बतलाया कि उसकी दोस्ती कुलदीप व अर्जुन से भिवानी में हुई थी जो कुलदीप और अर्जुन ने बतलाया कि उनके साथी सुरेंद्र व अतुल हैं जो भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली में युवकों को नौकरी लगवाते हैं इसके बाद आरोपियों के द्वारा शिकायतकर्ता से नौकरी लगवाने के नाम पर कुल 10 लाख रुपए लिए थे और शिकायतकर्ता को फर्जी आई कार्ड, फर्जी जॉइनिंग लेटर व फर्जी पे स्लिप दी गई थी इसके बाद शिकायतकर्ता की जॉइनिंग नहीं हुई थी । शिकायतकर्ता के साथ नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपयों की धोखाधड़ी की गई थी। जो इस शिकायत पर पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत अभियोग थाना औद्योगिक क्षेत्र भिवानी में दर्ज किया था।

थाना औद्योगिक क्षेत्र भिवानी के उप निरीक्षक वेद सिंह ने नौकरी दिलवाने के नाम पर लाखों रुपए की धोखाधड़ी करने के मामले में मुख्य आरोपी को हमीरवास चूरू से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान सुरेंद्र पुत्र तेज सिंह निवासी बडाउ थाना खेतड़ी जिला झुंझुनू राजस्थान के रूप में हुई है।

## अध्यापक साधुराम हत्या मामला: आरोपित पत्नी की गिरफ्तार

**भिवानी।** सीआईए स्टाफ प्रथम भिवानी ने अध्यापक साधुराम हत्या मामले में आरोपित पत्नी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

■ साधु राम के भाई ने हत्या करने का शक किया था जाहिर

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सुरेंद्र निवासी संडवा ने तोशाम पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई थी जिसमें शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि उनके भाई साधु राम 18 जनवरी को घर में मृत पाए गए थे जो मृतक साधु राम की पत्नी ने बतलाया कि उनकी मृत्यु छत से गिरने से हो गई है, लेकिन शिकायतकर्ता के भाई ने शक जाहिर करा था कि उनके भाई की हत्या की गई है। जो इस शिकायत पर पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत अभियोग थाना तोशाम में दर्ज किया था।

सीआईए स्टाफ प्रथम भिवानी के इंचार्ज निरीक्षक आजाद ने अध्यापक साधुराम की हत्या मामले में तोशाम से मृतक की पत्नी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपित महिला की पहचान कैलाश देवी पत्नी साधुराम निवासी संडवा हाल निवासी मान कॉलोनी तोशाम के रूप में हुई है। पुलिस टीम के द्वारा आरोपित महिला से वारदात वाले दिन प्रयोग की गई एक लकड़ी की पाटडी को बरामद किया गया है।

## साहिल आत्महत्या मामले में तीसरा आरोपित गिरफ्तार

**भिवानी।** थाना शहर पुलिस भिवानी ने साहिल आत्महत्या मामले में तीसरे आरोपी को भिवानी से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

■ आरोपियों ने ऑनलाइन गेम में मेंबर बनाकर ठग लिए थे लाखों

सुभाष निवासी सैशन कॉलोनी भिवानी ने थाना शहर पुलिस भिवानी को एक शिकायत दर्ज करवाई थी, जिसमें शिकायतकर्ता ने पुलिस को बतलाया कि उनका बेटा साहिल बावड़ी गेट चंद्रगिरी स्कूल के पास प्लेसमेंट सर्विस के नाम से ऑफिस किया हुआ है जो उनके बेटे साहिल को आरोपियों के द्वारा ऑनलाइन गेम में मेंबर बनाकर लाखों रुपये गंवा दिए गए थे जो पैसों के लिए आरोपियों के द्वारा लगातार उनके बेटे साहिल पर दबाव बनाया जा रहा था जो आरोपियों के भय व दबाव के कारण उनके बेटे साहिल ने अपने ऑफिस में फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली थी जो इस शिकायत पर पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत अभियोग थाना शहर भिवानी में दर्ज किया था। प्रबंधक थाना शहर भिवानी निरीक्षक सत्यनारायण ने तीसरे आरोपी को सराए चोपटा भिवानी से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान मनजीत पुत्र रतिराम निवासी सांगा के रूप में हुई है।

# खानक की बेटियाँ बनीं लड़कियों के लिए प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम



गांव खानक की तीन बहनें तमन्ना, आकांक्षा और बारूणी मालवाल अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से गाँव ही नहीं, पूरे राज्य की शान बन गई हैं। जिससे गांव खानक के ग्रामीण उल्लास के साथ गर्व महसूस कर रहे हैं। खानक निवासी तमन्ना मालवाल इंटरनेशनल बॉक्सर, का हाल ही में रेलवे में स्पोर्ट्स कोटा के अंतर्गत चयन हुआ है। तमन्ना ने 7 मार्च को चेन्नई में आयोजित ट्रायल में 70 किलोग्राम भार वर्ग में भाग लिया था, जिसका परिणाम 21 मई की देर रात घोषित किया गया। तमन्ना वर्तमान में लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, जालंधर (पंजाब) में बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स द्वितीय वर्ष की छात्रा है और ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी गोल्ड मेडलिस्ट भी रह चुकी हैं।

वर्तमान में वह हिसार स्थित स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया में निरंतर अभ्यास कर रही है। तमन्ना के ताऊ रामबिलास मालवाल ने बताया कि तमन्ना की छोटी बहनें आकांक्षा और बारूणी मालवाल योगा की प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं। हाल ही में गत 21 मई को उनका चयन पश्चिम बंगाल में होने वाली राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जहाँ वे हरियाणा राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगी। विशेष बात यह है कि बारूणी मालवाल योगा के साथ-साथ कथक नृत्य की प्रथम वर्ष की छात्रा भी हैं और दोनों बहनें अनुशासन, लगन और मेहनत की मिसाल हैं। इन होनहार बेटियों के पिता अनिल कुमार मालवाल सरकारी स्कूल में गणित के शिक्षक होने के साथ-साथ स्पोर्ट्स इंचार्ज की भूमिका भी निभा रहे हैं। वे प्रतिदिन शाम को अपनी बेटियों को योग अभ्यास के लिए स्वयं लेकर जाते हैं। उनकी माँ समर्पित गृहिणी हैं, जो पूरे परिवार का मजबूत आधार बनी हुई हैं। इन तीनों बेटियों की सफलता ने खानक गाँव का नाम रोशन किया है।

# विधायक ने प्लॉट आवंटन पत्र किए वितरित

■ प्रधानमंत्री आवास योजना का गरीब परिवारों को सीधे रूप से फायदा मिल रहा : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी



**भिवानी।** पीएम आवास योजना के तहत मिले प्लांटों के आवंटन पत्र देते विधायक सुनील सांगवान। फोटो : हरिभूमि

विधायक सुनील सांगवान ने दादरी शहर में प्रधानमंत्री आवास योजना के 708 पात्र परिवारों को प्लॉट आवंटन पत्र वितरित किए। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर गरीब के सिर पर छत के सपने को पूरा करने के लिए चलाई गई प्रधानमंत्री आवास योजना का गरीब परिवारों को सीधे रूप से फायदा मिल रहा है।

विधायक सांगवान ने गरीब परिवारों को प्लॉट आवंटन पत्र सौंपते हुए कहा कि पूर्व की सरकार ने गरीब लोगों को प्लॉट तो दिखा दिए थे, लेकिन न उन्हें प्लॉट दिया, न ही कोई कागज दिया। उ न्हों ने कहा कि गरीब परिवार के लोग चक्कर काटते रहे, लेकिन नायब सैनी सरकार ने उन लोगों की पीड़ा को समझा और उनके सपनों को साकार कर दिखाया है। विधायक सुनील सांगवान ने बताया कि पात्र लोगों को संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा उनकी प्लॉटों की लोकेशन भी दी गई हैं। पात्र लोगों को सरकार द्वारा 2.50 लाख रुपये मकान निर्माण के लिए भी दे रही है। सांगवान ने कहा कि आज बड़ा खुशी का दिन है जब गरीब लोगों के अपने घर का सपना पूरा हो रहा है। डबल इंजन सरकार की गरीब के चेहरे पर मुस्कान लाने वाली और उनका सपना पूरा करने वाली एक पहल है। भाजपा सरकार का ध्येय गरीब व्यक्ति के जीवन को सरल बनाना और उन्हें मजबूत करना है, ताकि वे अपने परिवार को आगे बढ़ा सकें।

# अप्राकृतिक यौनाचार के नौ दोषियों को सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



■ नाबालिग लड़के के साथ की थी गलत हरकत

नाबालिग लड़के के साथ अप्राकृतिक यौनाचार करने के मामले में 09 आरोपियों को अजय पराशर अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट पोस्को भिवानी की कोर्ट ने 09 आरोपीयों को दोषी करार देते हुए प्रत्येक आरोपी को निम्नलिखित धाराओं के तहत सजा सुनाई है ( 06 पोस्को एक्ट के तहत 20-20 साल कैद की सजा व 10-10 हजार रुपए जुर्माना, धारा 506-2 भारतीय दंड संहिता के तहत 03-03 वर्ष कैद की सजा सुनाई है। इस मामले में थाना सदर पुलिस ने वर्ष 2023 में अभियोग पंजीबद्ध किया था। मामले के अनुसार वर्ष 2023 में थाना सदर पुलिस को एक शिकायत दर्ज करवाई थी। जिसमें नाबालिक लड़के की मां ने पुलिस को बताया कि आरोपियों के द्वारा नाबालिग लडके के साथ अप्राकृतिक यौनाचार करने व जान से मारने की धमकी देने के मामले में अभियोग दर्ज किया गया था। थाना सदर पुलिस के द्वारा बिना किसी विलंब के अभियोग अंकित किया गया।

इसके बाद नाबालिग के माननीय मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान करवाए गए तथा जांच इकाई के द्वारा महत्वपूर्ण साक्ष्यों का आकलन कर अभियोग में प्रभावी कार्यवाही करते हुए आरोपीयों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के सम्मुख पेश किया गया था। जो न्यायालय ने अभियोग में सुनवाई करते हुए आरोपी अंकित पुत्र राजेंद्र निवासी दिनोद जिला भिवानी, सूरज पुत्र धर्मपाल निवासी दिनोद जिला भिवानी, कुलदीप पुत्र भाना राम निवासी दिनोद जिला भिवानी, धोला पुत्र राजेश निवासी दिनोद भिवानी, मोहित पुत्र विजय कुमार निवासी दिनोद भिवानी, रोहित पुत्र रोहतास निवासी दिनोद जिला भिवानी, शंकर पुत्र जयप्रकाश निवासी दिनोद जिला भिवानी, मंदिप पुत्र पप्पू निवासी दिनोद जिला भिवानी व जीवन पुत्र सुरेश निवासी दिनोद जिला भिवानी को 20-20 साल कैद की सजा सुनाई व 10-10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। जुर्माना न भरने पर आरोपी को अतिरिक्त कारावास की सजा काटनी पड़ेगी।

# पटवारी विकास राठी ने 30वीं बार किया रक्तदान



**भिवानी।** रक्तदाता विकास राठी को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करती ब्लड बैंक इंचार्ज डॉक्टर मोनिका सांगवान। फोटो : हरिभूमि

**भिवानी।** पटवारी विकास राठी ने गुरूवार को चौधरी बंसीलाल अस्पताल के ब्लड बैंक में 30वीं बार रक्तदान किया। इस दौरान ब्लड बैंक इंचार्ज डॉक्टर मोनिका सांगवान ने रक्तदाता विकास राठी को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

राठी ने बताया कि वे 30 बार रक्तदान कर चुके और सैंकड़ों युवाओं को जागरुक कर पांच रक्तदान शिविर लगा चुके। इसके अलावा उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अनेक पौधरोपण किए और आठ त्रिवेणी लगाई। कोरोनाकाल के दौरान दिन रात मेहनत कर जरूरतमंद गरीब लोगों को खाद्य सामग्री, दवाई व ऑक्सीजन सिलेंडर वितरित किए। पटवारी एवं कानूनगो संगठन के राज्य उपप्रधान विकास राठी ने कहा कि रक्तदान महादान हैं, इससे बड़ा कोई दान नहीं हैं। हम सबकों बढ़ चढ़कर रक्तदान की मुहिम से जुड़ना चाहिए, जिससे किसी जरूरतमंद की जान बच सकें और किसी के घर का चिराग बुजने से बच सकें।

निरीक्षण | विधायक सर्राफ ने किया मिताथल हैड का निरीक्षण

# जुई फीडर में पहुंचा पानी, शुक्रवार से होगी पेयजल की सप्लाई नियमित

बोले: अतिरिक्त पम्प लगाकर जलघरों तक पहुंचाए पर्याप्त पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** मिताथल हैड पर पानी पहुंचने के बाद निरीक्षण करते विधायक घनश्याम सर्राफ। फोटो : हरिभूमि

शहर के लोगों के लिए राहत भरी खबर। विधायक घनश्याम सर्राफ के अतिरिक्त पानी छुड़वाने तथा सिंचाई विभाग, पब्लिक हेल्थ विभाग की सक्रियता की वजह से गुरुवार दोपहर पुराने जलघर में नहरी पानी पहुंचना शुरू हो गया। हालांकि नहरी पानी कम मिलने की वजह से पब्लिक हेल्थ विभाग को मिताथल हैड पर पैम्पसेट लगाने पड़े,लेकिन जलघरों तक पानी पहुंचने के बाद शुक्रवार सुबह तक पानी की सप्लाई नियमित होने की संभावना बन गई है। पानी जलघरों तक पहुंचाने के लिए पब्लिक हेल्थ विभाग ने दिन रात एक कर दी।

दूसरी तरफ दोपहर बाद विधायक घनश्याम सर्राफ ने मिताथल हैड तथा पुराना जलघर के टैंकों का निरीक्षण किया और अफसरों से पानी की स्थिति की जानकारी ली। इस दौरान विधायक सर्राफ ने कहा कि अगर जरूरत पड़े तो वे अतिरिक्त पैम्पसेट लगाकर जलघरों के टैंकों में ज्यादा से ज्यादा पानी का स्टोरेज करें। ताकि गर्मी के मौसम में हर घर तक पूरा व पर्याप्त पानी पहुंच सके। नहरी पानी पहुंचने की खबर मिलते ही शहर के लोगों में खुशी छा गई। लोगों का तर्क था कि गर्मी के मौसम में पानी के बिना रह पाना असंभव हो गया था। अब पानी पहुंच गया है तो जल्द ही पीने के पानी की सप्लाई नियमित हो जाएगी। लोगों को राहत मिल सकेगी। इस मौके पर पीए ललित चौहान, आनंद तंवर आदि मौजूद थे।

**विधायक सर्राफ व अधिकारियों के प्रयास आए काम:** वैसे तो 22 मई को मूनक हैड से पानी मिलना था,जो कि 24-25 मई तक भिवानी जिले की नहरों में पहुंचता,लेकिन विधायक घनश्याम सर्राफ ने सिंचाई विभाग के ईआईसी श्री चौहान से 20 मई को ही कुछ मात्रा में पानी छोड़े जाने की मांग की थी। ताकि शहर में बढ रही पीने के पानी की समस्या का निराकरण किया जा सके। उसके बाद ईआईसी ने सुंदर ग्रुप की नहरों में 400 क्यूसेक पानी छोड़ दिया। जो कि 21 की रात को मिताथल हैड पर पहुंच गया। पानी पहुंचने की सूचना मिलते ही सिंचाई विभाग व पब्लिक हेल्थ विभाग के अधिकारी व कर्मचारी चौकस हो गए और उन्होंने नहर पर गश्त बढ़ा दी। साथ ही पानी के आगे चल रहा कचरा आदि हटाने के लिए जेसीबी आदि भी लगा दी। ताकि मिताथल हैड तक पूरा पानी पहुंचाया जा सके। बीते माह नहरों में पानी पहुंचा था। उस वक्त कम पानी मिला था। सात दिन की बजाए जुई फीडर को केवल चार दिन ही पानी मिल पाया था। जिस वजह से सभी जलघरों के टैंक नहीं भर पाए थे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

शिक्षा संस्कार चरित्र निर्माण
कोचिंग के क्षेत्र का बड़ा नाम.....
आर्यन कोचिंग सैन्टर
'विश्वास का दूसरा नाम'
नये बैच शुरू
12th के बाद नौकरी-कॉमन बैच
C.E.T. रेलवे
CUET अग्निवीर
S.S.C. Delhi Police
अनुभवी अध्यापक नोटस पैकेज शानदार रिजल्ट
पता : पारस वाली गली, नजदीक बस स्टैण्ड, च. दादरी
9050035973, 9812611926